

# पीपल घर में उग आए तो इसे काटना चाहिए या नहीं?

**मन में कई बार आया है सवाल, तो जान लें पीपल के पौधे या पेड़ को काटने के विशेष नियम**

*कई बार ऐसा होता है कि घर की छत, कच्चे आंगन या फिर घर में पड़े किसी मिट्टी के गमले में पीपल का पौधा उग आता है। ऐसे में लोगों के मन में सवाल आता है कि घर में उगे पीपल को काटना चाहिए या नहीं। ज्योतिष शास्त्र में पीपल को काटने के नियम बताए गए हैं। इन नियमों के अनुसार किसी विशेष परिस्थितियों में ही पीपल को काटना चाहिए। आइए, जानते हैं कि घर में उगे पीपल को काटने के नियम।पीपल में देवताओं का वास होता है, इसलिए इसकी पूजा करने से ग्रह शांत होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। पीपल वृक्ष के लगाने से या पीपल वृक्ष में जल चढ़ाने से ग्रहों की शांति होती है, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि घर में पीपल का वृक्ष उग जाता है और अज्ञानता में लोग घर में उगे पीपल के पौधे में ही जल अर्पित करना शुरू कर देते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार घर में उगे पीपल पर जल नहीं चढ़ाना चाहिए। वहीं, घर में उग रहा पीपल भी शुभ नहीं माना जाता। अब ऐसे में सवाल उठता है कि घर में उग रहे पीपल को कैसे काटा जाए? आइए, जानते हैं इस सवाल का जवाब।*



### घर में उग रहे कौन–से पीपल को काटा जा सकता है

सबसे पहले इस बात को समझना जरूरी है कि अगर एक पीपल काट रहे है, तो उसके बदले में 10 पेड़ लगाने चाहिए और कंवल लगाने नहीं चाहिए उसका पालन-पोषण भी करना चाहिए। यदि 1000 पत्तों से छोटा पीपल का पेड़ है, उसको काटने का कोई दोष नहीं है। जो टंकियों के आसपास में पीपल के पेड़ लग जाते हैं। यह कितने भी बड़े हो, उनको काटने का कोई भी दोष नहीं है। जो छतों में पीपल के पेड़ लग जाते हैं, उनको काटने पर भी कोई भी दोष नहीं लगता। वहीं, घर के कच्चे आंगन में लगे पीपल को भी उखाड़ा जा सकता है लेकिन इन्हें हटाने से पहले कुछ नियमों का ध्यान रखना जरूरी है।

### पीपल के पेड़ को काटने के नियम

पीपल या किसी पेड़ को काटना भी पड़े, तो उसको एक रात पहले यहां पर जाकर दीपक प्रज्ज्वलित करें और वहां पर थोड़ा प्रसाद चढ़ाएं और यह प्रार्थना करें कि अगर इस पीपल के ऊपर कोई भी देवता का वास है, तो वह यहां से परिवर्तित हो जाए। यहां से किसी दूसरी जगह चले जाएं क्योंकि हम कुल पेड़ काटने वाले हैं। यहां पर 108 बार विष्णु सहस्त्रनाम के या 108 पाउ गजेंद्र मोक्ष के जरूर करवा लेना चाहिए।

### कन्या, हाथी, बैल के बल के बाद ही हटाएं पीपल


पीपल को किसी भी हाथी, बैल या किसी भी छोटी कन्या के द्वारा पीपल वृक्ष को निकलवाया जा सकता है। इसका अर्थ यह है कि हाथी, बैल या छोटी कन्या अगर पीपल पर थोड़ा-सा स्पर्श कर दें या बल लगा दें, तो फिर इसके बाद पीपल के पौधे को कहीं और जगह रिप्लांट किया जा सकता है। वहीं, अगर पीपल के पौधे को रिप्लांट नहीं हो सके और कटवाना ही पड़े, तो फिर ऐसा करें कि सबसे पहले जो भी कुल्हाड़ी चलाई जाएगी उसके आगे घी या फिर शहद लगाकर उसे पूरित करें और फिर उसे कुल्हाड़ी से उस पीपल को काटना चाहिए।

### काटे हुए पीपल का क्या करें

काटे हुए पीपल की लकड़ी को श्मशान में दान कर देना चाहिए या जहां पर हवन होता है, उस जगह पर दान कर देना चाहिए। पीपल के पत्तों को अगर हाथी को खिलाया जाए, तो भी बहुत ही अच्छा रहता है। पीपल के पत्तों को हाथी या बैल को खिलाने पर उसका दोष नहीं रह जाता है। एक पेड़ को काटने के बदले 10 पेड़ लगाने का प्रयास करना चाहिए। पीपल ही नहीं, हर पेड़ कीमती है। पेड़ जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। इसी के आधार पर पीपल के पेड़ की पूजा-अर्चना और सेवा करके पुण्य फलों की प्राप्ति करते रहना चाहिए।

# दवा एवं उपाय की जानकारी तो आजकल सभी को है, लेकिन मर्ज क्या है, यह जानना ज्यादा जरूरी है

चिकित्सा जगत में जिस प्रकार दवा देने से पहले बीमारी का पता लगाना यानि डाइग्नोसिस करना आवश्यक है, उसी प्रकार से किस ग्रह के द्वारा समस्या उत्पन्न हो रही है, जानना अतिआवश्यक है। उपाय क्या करना है, यह तो अधिकांश लोग जानते हैं, परन्तु वास्तविकता में किस ग्रह के कारण समस्या आ रही है, यह जानना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। आपकी समस्या किस ग्रह के कारण है - मान लीजिए पति और पत्नी के बीच में विवाद आदि की स्थिति उत्पन्न हो गई है, तो ज्योतिष शास्त्र के मूल सिद्धांत अनुसार जन्म कुंडली के सप्तम भाव और उसके स्वामी के साथ-साथ शुक्र और बृहस्पति का अध्ययन भी किया जाएगा क्योंकि पति के वैवाहिक सुख का जिम्मेदार ग्रह शुक्र और पत्नी के वैवाहिक जीवन के लिए बृहस्पति ग्रह जिम्मेदार है।




प्रत्येक भाव के लिए एक निश्चित ग्रह को स्थिर कारक के रूप में नियुक्त किया गया है। किसी व्यक्ति के पराक्रम के बारे में जानना है तो जन्म कुण्डली में मंगल की स्थिति देखेंगे, यदि किसी व्यक्ति की वाणी के बारे में जानना है तो बुध ग्रह से उस व्यक्ति की वाणी का विश्लेषण किया जाएगा। इस प्रकार मां के बारे में जानने के लिए चन्द्रमा की स्थिति देखकर विचार किया जाता है। नवग्रहों से सम्बन्धित बातों को ध्यान में रखकर फलादेश किया जाता है। आपकी समस्या किस ग्रह के कारण है, उस कारण को जानना अति आवश्यक है क्योंकि समस्या के मूल में ही समाधान छिपा होता है।

सूर्य - सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा और रोगों से बचने की शक्ति है। सूर्य से आत्मा, अहम, यश, कीर्ति, सत्ता, राजनीति, पिता आदि का विचार किया जाता है।

चन्द्र - चन्द्रमा से मन, माता, मनोभाव, शीतलता, भावना, सफेद वस्तु, जल आदि का विचार किया जाता है।

मंगल - मंगल ग्रह से साहस, युद्ध, उत्साह, पराक्रम, हिम्मत, क्रोध, दुर्घटना, भूमि आदि का विचार किया जाता है।

बुध - बुध ग्रह से बुद्धि, वाणी, प्रवृत्ति, लेखन, प्रकाशन, व्यवसाय, पत्रकारिता, सेल्समैन, कम्यूनिकेशन स्किल्स आदि का विचार किया जाता है।

गुरु - देवगुरू बृहस्पति से ज्ञान, विवेक, धर्म, न्याय, ईश्वर के प्रति निष्ठा, परोपकार भावना, धार्मिक प्रवृत्ति आदि का विचार किया जाता है।

शुक्र - शुक्र ग्रह से सौन्दर्य, कला, सुगंधित वस्तुऐं, जीवनसाथी आदि का विचार किया जाता है।

शनि - शनि ग्रह से कठिन परिश्रम, लोहा, कृषि, आजीविका, सेवक-सेविकाएं, दुःख आदि का आकलन किया जाता है।

राहु - राहु से गुप्त विद्या, अनैतिक कार्य, चतुराई, राजनीति आदि का विचार किया जाता है।

केतु - केतु ग्रह से उच्च सफलता, जिद्दीपन, जादू-टोना, शरीर में लगने वाले घाव आदि के बारे में जाना जाता है।

इन ग्रहों की प्रवृत्ति जानकर जन्मकुण्डली में चल रही दशा-अन्तर्दशा का समन्वय कर व्यक्ति के जीवन में घटित होने वाली घटनाओं को जाना जा सकता है।

## क्या कहते आपके सितारे




**मेष**

मेष- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा। आपके जन समर्थन में इजाफा होगा। जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आपका वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपको मानसिक व शारीरिक कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी काम को लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। आपको अपनी सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।




**वृषभ**

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके परिवार में वरिष्ठ सदस्यों में किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश करेंगे। लव पार्टनर को लेकर आपके मन में यदि कुछ दूरियां आ गई थी, तो वह भी दूर होंगी। आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की आवश्यकता है। आपको किसी बात को लेकर टेंशन नहीं लेनी है।




**मिथुन**

मिथुन- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको कोई भी अच्छा मौका अपने हाथ से जाने नहीं देना है और अपने कामों में लापरवाही तो बिल्कुल न करें। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। किसी सहयोगी से आपको कोई बड़ी डील फाइनल करने का मौका मिलेगा। आप अपने बिजनेस को बाहर विदेशों तक फैलाने की कोशिश में लगे रहेंगे।




**कर्क**

कर्क- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी सोच समझ से सभी काम पूरे होंगे। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको दिखावें के चक्कर में आने से बचना होगा। संतान को किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है और कार्यक्षेत्र में आप किसी की कहानी सुनी बातों पर भरोसा न करें।




**सिंह**

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कामों में व्यस्त रहने के कारण आपको कुछ समस्याएं हो सकती हैं। बिजनेस में यदि आपको किसी डील को फाइनल करने में समस्या आ रही थी, तो वह दूर होगी। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा।




**कन्या**

कन्या- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने दैनिक खर्चों पर पूरा ध्यान दें और आपको यदि किसी काम को लेकर कोई उलझन थी, तो उसे भी दूर करने की कोशिश करें। आप किसी नई प्रॉपर्टी या वाहन की खरीदारी करने की योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। यदि आपने किसी से धन का लेनदेन किया, तो इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।




**तुला**

तुला- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको अपनी दैनिक गतिविधियों पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी सरकारी योजना में आप इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले में आपको कानून का दरवाजा बजाना पड़ सकता है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी भी आपसे नाराज रहेंगे।




**वृश्चिक**

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए बिजनेस में चल रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको किसी पर भरोसा करने से बचना होगा। आपके अंदर एक नई ऊर्जा विराजमान रहेगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए कोई उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।




**धनु**

धनु- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है, जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको वाहन खरीदते समय सावधान रहना होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आपका यदि कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसे पूरा करने की आपको कोशिश करनी होगी।




**मकर**

मकर- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान दें। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में न लें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कोई सदस्य नौकरी को लेकर यदि परेशान चल रहा था, तो कहीं दूर नौकरी का प्रस्ताव आ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने कामों में सूझबूझ दिखा कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।




**कुंभ**

कुंभ- आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में बेहतर रहने वाला है। आपको उनमें अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप अपने घर के लिए कोई इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को लेकर आ सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें, नहीं तो इससे परिवार के सदस्यों के बीच कोई लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। किसी प्रॉपर्टी के खरीदारी करना आपके लिए बेहतर रहेगा।




**मीन**

मीन- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने पर खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप नए कामों को करने के लिए योजना बना सकते हैं। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। माता-पिता आपको कोई खुशखबरी दे सकते हैं। आपको अपने बिजनेस में किसी पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके साथ विश्वासघात कर सकता है।